कृष्णदास संस्कृत सीरीज ३४

(पण्डितराजजगन्नाथ-ग्रन्थावली-१)

पण्डितराजजगन्नाथविरचितं

मनोरमा-कुचमर्दनम्

विमर्शमयी

'बालक्रीडा' हिन्दीव्याख्योपेतम्

सम्पादकः एवं व्याख्याकारः
आचार्य मधुसूदन शास्त्री

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

३४

***

(पण्डितराजजगन्नाथ-ग्रन्थावली-१)

पण्डितराजजगन्नाथविरचितं

मनोरमा-कुचमर्दनम्

विमर्शमयी

'बालक्रीडा' हिन्दीव्याख्योपेतम्

सम्पादक एवं व्याख्याकारः

पञ्चदशसहस्रादिरूप्यकविशिष्टपुरस्कारैः यू. पी. सरकारेण सम्मानितः

आचार्य मधुसूदन शास्त्री एम. ए.

एक्स डीन-फैकल्टी आफ दी ओरियन्टल लर्निङ्ग, B. H. U. वाराणसी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी

वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : द्वितीय, वि०सं० २०७०, सन् २०१३

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० ११२८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
34
****

MANORAMĀ-KUCAMARDANAM

OF

PANDITARAJ JAGANNATH

Edited with the
Balakrida Hindi Commentary

By
Winner of Fifteen Thousand Rupees of Vishist Puraskar by
U. P. Govt. and Etc.
ACHARYA MADHUSUDAN SHASTRI
M.A.
Ex-Dean, Faculty of the Oriental Learning, B. H. U. Varanasi

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)

Also can be had from :
CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K . 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)

प्रास्ताविक समर्चा

यह पण्डितराज जगन्नाथ ग्रन्थावली है। पण्डितराय के विषय में जिज्ञासुजन हमारे "पण्डितराज जगन्नाथ-चिन्तन की एक तुला", इस ग्रन्थ से समझे जो कि प्रकाश्यमान है। उर्दू के राय को संस्कृत में राज कहा है।

इस ग्रन्थावली मे १४ ग्रन्थों का समावेश है जिनका निर्देश क्रमशः हम करते हैं। एक बात यह भी बता देना जरुरी है कि पण्डितराज ने रसगङ्गाधर में तृतीय मध्यम काव्य के उदाहरण के निरूपण के समय "यथा यमुनावर्णने" इस तरह यमुना वर्णन का नामोल्लेख किया है। शायद उसी को लेकर यमुनावर्णनात्मक गद्य निबन्ध स्वरूप से पण्डितों ने सम्भावित कर लिया है। हमारी दृष्टि में ऐसा कोई ग्रन्थ मालूम नही पड़ता है। अगर रहा हो तो इस समय अप्राप्य है।

(१) मनोरमाकुचमर्द्दन :—यह भट्टोजिदीक्षित की सिद्धान्त कौमुदी की व्यांख्या प्रौढमनोरमा के कुचस्वरूप पञ्चसन्धिप्रकरण का मर्दनात्मक खण्डन ग्रन्थ है।

(२) चित्रमीमांसा खण्डनः—यह अप्पय्यदीक्षित की चित्र मीमांसा का खण्डनात्मक ग्रन्थ है।

(३) प्राणाभरण एवं जगदाभरण नामक अलग २ दो लघु काव्य होते हुए भी एक ही काव्य है। क्यों कि पहले में कामरूप देश के नरेश प्राणाभरण की प्रशंसा है, दूसरे में ख्यातनामा राणा कर्णसिंह के सुपुत्र जगत् सिंह का वर्णन है। पद्य वही है जहां प्राणनारायण का नाम कविता में रखा वहां प्राणाभरण नामक काव्य हो गया। उसी कविता में उक्त नाम के स्थान पर जगत् सिंह का नाम रखा वह जगदाभरण नामक काव्य हो गया। इसमें ५३ पद्य हैं। इसमें टिप्पणी भी है जो पण्डितराज की हो निर्मित है।

(४) रसगङ्गाधर—यह साहित्य शास्त्र का प्रसिद्ध अलंकार ग्रन्थ है। इसमें ७० अलंकार हैं। तिरस्कार अलंकार एक नया है।

(५) गंगालहरी—इसका नाम पीयूषलहरी है। जैसा कि इसके अन्तिम पद्य इमां पोयूषलहरीं जगन्नाथेन निर्मिताम् से प्रतीत है। इसमें ५२ पद्य हैं

(६) अमृतलहरी—यह कलिन्द पर्वत से निकलनें वाली यमुना का स्तव है इसमें कुल ११ श्लोक हैं।

(७) करुणालहरी—यह कृष्ण का स्तव है इसमें ५५ श्लोक हैं

(८) लक्ष्मीलहरी—इसमें लक्ष्मी की आराधनात्मक स्तुति हैं और ४१ पद्य हैं।

(९) सुधालहरी—इसमें सूर्य की स्तुति है और ३० श्लोक हैं।

(१०) प्रास्ताविकविलास—इसमें विभिन्न प्रस्तावों के समुचित १२२ पद्य हैं।

(११) शृङ्गारविलास—इसमें यथा नाम तथा गुणाः के अनुसार माधुरीभरी रसझरी १८० रचनायें हैं इसीकी प्रसिद्धि भामिनीविलास के नाम से है।

(१२) करुणाबिलास— यह पण्डितराज का अपनी धर्म पत्नी के विरह में विलाप है। इसमें १९ पद्य हैं।

(१३) शान्तविलास—यह निर्वेदमयी ४४ पद्यों की कृति है।

(१४) आसफविलास—इसमें शाहजहां की काश्मीर की यात्रा के समय नबाब आसफखान के द्वारा किया गया स्वागत सम्बन्धी आख्यान गद्य में है आरम्भ में ४ पद्य हैं। इन सभी पर हमारी हिन्दी टीका है।

प्रकृत ग्रन्थ मनोरमाकुचमर्दन है। इसमें पण्डितराज ने अपने गुरुकी गौरव-रक्षा की है। भट्टोनीदीक्षित को लतेडते हुए सिद्धान्तपक्ष का स्थापन किया है। इसको सुबोध एवं भावमयी भाषा हिन्दी में व्यक्त कर दिया है।

चौखम्बा संस्कृत सीटीज आफिस के सञ्चालक बन्धुद्वय श्री विठ्ठलददास गुप्त एवं ब्रजमोहनदास गुप्त के इस सराहनीय विचार पण्डितराजग्रन्थावली के प्रकाशन का भूमण्डल का अखण्ड पण्डित वृन्द हर्ष वर्ष प्रकर्ष से समर्थन करता है और भगवान् साम्ब प्रदाशिव से प्रार्थना करता है कि वे इसी तरह संस्कृता विश्वभाषा की सेवा में निरत रहते हुए चिरंजीवी होवे। हरिः ओम् तत् सत्।

पण्डितों का अनुग्रहभाजन

१५ हजार रुपये से यू० पी० सरकार द्वारा
विशिष्ट पुरस्कृत आचार्य मधुसूदनशास्त्री एम्० ए०।
प्राचीन डीन, फैकल्टी आफ द ओरियण्टल लर्निङ्ग B. H. U. वाराणसी

॥ श्रीः ॥

अथ मनोरमाकुचमर्दनकी

विषय-सूची

अथ संज्ञा प्रकरणम्

अथ परिभाषा प्रकरणम्

अथ अच् सन्धिप्रकरणम्

— प्राद्वहोढो ।

७— उपसर्गादृतिधातौ ।

—निपात एकाजनाङ् ।

६—ईदूतौ च सप्तम्यर्थे ।

१०—सम्बुद्धौ शाकल्यस्य ।

इत्यचां सन्धिद्वयम् ।

अथ हल् सन्धिप्रकरणम्

१—स्तोः श्चुना श्चुः

२— ष्टुना ष्टुः ।

३—शि तुक् ।

४—ङमो ह्रस्वादचि ।

५—यदप्युच्यते सुगण्णीशः ।

इति हल्सन्धिप्रकरणम् ।

अथ विसर्ग सन्धिप्रकरणम्

१—शर्परे ।

२—तत्र विचार्यते कुप्वोः । इति ।

३—इत्थं कुप्वोः योगो विभज्यते ।

४—वा शरि ।

५— अथ वासः क्षौममद्भिः प्सातम् ।

इति विसर्गसन्धिः ।

।। श्रीमन्महागणाधिपतये नमः ।।

विमर्शाख्य 'बालक्रीडा' हिन्दीव्याख्यालङ्कृता

पण्डितराज-जगन्नाथ-ग्रन्थावली

तत्र

१

मनोरमाकुचमर्दनम्

अथ संज्ञाप्रकरणम्

लक्ष्मीकान्तपदाम्भोजं प्रणम्य श्रेयसां पदम् ।

पण्डितेन्द्रो जगन्नाथः स्यति गर्वं गुरुद्रुहाम् ।।

इह केचिन्निखिलविद्वन्मुकुटमणिमयूखमालालालितचरणकमलानां गीर्वाण-गुरुगौरवग्रासमांसलमहिममण्डिताखण्डमहीनमण्डलानां शेषवंशावतंसानां श्रीकृष्णाख्य पण्डितानां चिरायार्चितयोः पादुकयोः प्रसादासादितशब्दानुशासनास्तेषु

बालक्रीडा

श्रीमान्न्महागणपतिजी के लिए नमस्कार है ।

पण्डितराजजगन्नाथकृतमनोरमाकुचमर्द्दन । उसका संज्ञाप्रकरण ।

श्रेय के पद कल्याण के स्थान लक्ष्मीकान्त के चरणकमल को प्रणाम कर के पण्डितेन्द्र जगन्नाथ गुरुद्रोही भट्टोजी दीक्षित के गर्व का अन्त करता है नाश करता है ।

अथ भारत के सभी विद्वानों के मुकुटस्थितमणि की किरणमालाओं से जिनके चरणकमल लालित हैं समुद्भासित हैं । देवगुरु बृहस्पति के गौरव का ग्रास करने वाली मांसल महिमा से अखण्डमहीमण्डल को जिन्होंने मण्डित कर दिया है ऐसे शेष वंश के भूषण श्रीकृष्ण पण्डितजी के अर्चित चरणों के प्रसाद से शब्दानुशासन को प्राप्त करनेवाले कोई लोग उनके

च पारमेश्वरं पदं प्रयातेषु कलिकालवशंवदीभवन्तस्तत्र भवद्भिरुल्लासितं प्रक्रियाप्रकाशमाशयानवबोधनिबन्धनैर्दूषणैः स्वयं निर्मितायां मनोरमाया माकुल्यकार्षुः। सा च प्रक्रियाप्रकाशकृतां पौत्रैरखिलशास्त्रमहार्णवमन्थाचलायमानमानसानामस्मद्गुरु वीरेश्वरपण्डितानां तनयैर्दूषिता अपि स्वमतिपरीक्षार्थं पुनरस्माभिरपि निरीक्ष्यते।

तत्र तावत् "सार्वधातुकमपित्" इति सूत्रगतेन "परत्र परशब्दप्रयोगात्" कल्प्यमानो वतिः सप्तम्यन्तान्न कल्प्यो ङितीव ङिद्वदिति तथा सति अनुयोगिनि सप्तमीप्रसङ्गात् सार्वधातुकेऽपिदित्यादिना संख्यावद्भिरुपहेलनीयमर्थं निरूपयताम्—तथा अणुदित् सूत्रगतकौस्तुभे उच्चारितानां शब्दानामर्थोपस्थापकत्वं न प्रकारान्तरेण ज्ञातानामित्यर्थस्य निर्णयेन विलक्षणं स्वव्युत्पत्तिपाटव मुद्गिरताम्, भवतेर इति सूत्रगतमनोरमायां सार्वधातुकीयकर्त्रर्थज्ञानानपेक्षस्य "रुदादिभ्य" इत्यादेः प्रवर्त्तनेन कृतार्थस्य शितपः शित्वसामर्थ्यमालम्ब्य शपः

बालक्रीडा

परमेश्वर पद को प्राप्त कर लेनेपर कलिकाल के वंशवद हुए उनके द्वारा उल्लासित प्रक्रियाप्रकाश के आशय को नहीं समझने से किये गये दूषणों से अपनी बनाई हुई मनोरमा में आकुल कर दिया। यद्यपि वह मनोरमा प्रक्रियाप्रकाशकार के पौत्र और हमारे गुरु वीरेश्वरजी—जिनका मानस अखिल शास्त्रमहार्णव को मन्थन करनेवाला पर्वत है—के पुत्र द्वारा दूषित कर दी गई है तद्यपि अपनी बुद्धि की परीक्षा करने के लिए फिर हम उसका निरीक्षण करते हैं।

पर में पर शब्द के प्रयोग से कल्पित किये जानेवाले वति की सप्तम्यन्त से कल्पना नहीं करनी चाहिए जैसे ङित् के रहते ङिद्वत नहीं करते हैं। यदि ऐसा करेंगे तो अनुयोगी में सप्तमी का प्रसङ्ग हो जायगा जिसके कारण सार्वधातुकमपित् इस सूत्र में सार्वधातुके अपित् ऐसा सप्तम्यन्तघटित पाठ करना पड़ेगा। इत्यादि सार्वधातुकमपित् सूत्र में विद्वानों के उपहेलनीय अर्थ को निरूपण करनेवालों के तथा 'अणुदित्" सूत्र के कौसुम में उच्चार्यमाण शब्द ही अर्थ के उपस्थाक होते हैं न कि प्रकारान्तर से ज्ञात शब्द भी अर्थ के उपस्थापक होते हैं ऐसे अर्थ के निर्णय के द्वारा विलक्षण अपने बुद्धिपाटव का उद्गिरण करनेवालों के, और भवतेरः इस सूत्र की मनोरमा में सार्वधातुकीयकअर्थज्ञान की अपेक्षा नहीं करनेवाले रुदादिभ्यः इत्यादि के प्रवर्त्तन से कृतार्थ शितप् के शित्वसामर्थ्य

प्रवृत्ति समर्थयमानानां गुरुद्वेषदूषितमतीनां यद्यपि पुरुषायुषेणापि न शक्यन्ते गणयितुं प्रमादास्तथापि दिङ् मात्रेण कानपि कुशाग्रधिषणेषु निरूपयामः ।

हलन्त्यमिति । अत्रेदमवधेयम्—सूत्रावृत्तिरियमतितमामयुक्तेव पाणिनिसूत्रन्यासविरुद्धत्वाद् गौरवाच्च; कथं तर्हि अनुपपत्तिपरिहार इति चेत्, इत्थम्—"हल्" इत्येकं सूत्रं "अन्त्यम्" इति चापरम् । तत्र मकारात् परतो ल् इति व्यञ्जनं संयोगान्तलोपेन लुप्यते । उपदेशे इति इदिति चानुवर्तते, तेन उपदेशेऽन्त्यं ल् इत्स्यादिति वाक्यार्थेन णलादिलकारसाधारण्येन हल् सूत्रान्त्यलकारस्येत्संज्ञायां सत्यां हल् प्रत्याहारसिद्धौ हलिति प्रथमवाक्यार्थधीः, अत्रार्थे अन्त्यमिति देहलीदीपकन्यायेनान्वेति उपदेशे इति चानुवर्त्तते तेन न काचिदनुपपत्तिः ।

यद्वा हलन्त्यमित्येकं सूत्रम्, ल इति चापरम् । तत्र व्यञ्जनात्मकस्य द्वितीयसूत्रस्य लुप्तस्याप्यनुसन्धानेन विषयीकृतास्यानुवृत्तोस्त्रिभिः सह (उप-

बालक्रीडा

का आलम्बन करके शपूकी प्रवृति का समर्थन करनेवालों के तथा गुरु के द्वेष से जिनकी मति दूषित हो गई है उनके प्रमादों को गणना यद्यपि पुरुष की आयु से भी जीवनी शक्ति से भो नहीं की जा सकतो है तद्यपि दिङ्मात्र कुछ प्रमादों की कुशाग्रबुद्धिमानों के समक्ष निरूपण करते हैं ।

"हलन्त्यम्" इति । यहां यह समझना चाहिए । हलन्त्यम् हलन्त्यम् यह जो दो वार सूत्र की आवृत्ति की है वह अत्यन्त अयुक्त है । पाणिनि के रचित सूत्रों के न्यासके विरुद्ध है और ऐसा करने से गौरव भी है । यदि विरुद्ध और गौरव मानेंगे तो अनुपपत्ति का परिहार कैसे होगा । यदि ऐसी स्थिति है तो सुनिये । इत्थम् इस प्रकार से परिहार होगा । हल् यह एक सूत्र है और अन्त्यम् यह दूसरा सूत्र है । उस द्वितीय सूत्र में लकार से परे जो है उसका संयोगान्तलोप से लोप हो जायगा । उपदेशे इस सूत्र से इत् का अनुवर्त्तन भी करलेते हैं । उससे उपदेश अवस्था में जो अन्त्य ल् है वह इत् होगा ऐसे वाक्यार्थ से णलादि के लकार के साधारणीकरण से हल् सूत्र के अन्त्य लकार की इत्संज्ञा होने पर हल् प्रत्याहार की सिद्धि हो गई । जिसके फलस्वरूप हल् ऐसी प्रथमवाक्यार्थ की बुद्धि हुई । इस वाक्यार्थ में देहलीदीपक न्याय से अन्त्यम् यह अन्वित हो जाता है और उपदेश इसकी अनुवृत्ति होती ही है अतः कोई भी अनुपपत्ति नहीं है ।

अथवा हलन्त्यम् यह एक सूत्र है और ल् यह दूसरा है । वहां लुप्त हुए का भी अनुसन्धान से समझे गये व्यञ्जनात्मक द्वितीय सूत्र की अनुवृत्ति

देश १ अन्त्यं २ इत् ३ इति पदैः) योजने कृते प्रागुक्तवाक्यार्थधियः साम्राज्यम् नहि श्रुतमेव वाक्यमर्थबुद्धिमुत्पादयतीत्यास्ते नियमो भावनोपनीतादपि तस्माद् व्युत्पमानामर्थबुद्धेः सर्वसम्मतत्त्वात् । अमुं चार्थम् अणुदित् सूत्रगतकौस्तुभखण्डनावसरे व्यक्तमुपपादयिष्यामः ।

यद्वा हल् इति चतुर्दशे सूत्रे लकारोऽनुनासिकः क्रियते, तस्यानुनासिकत्वसामर्थ्यादनचोऽपि उपदेशेऽजनुनासिक इतीत्संज्ञा भविष्यति । अस्मिन्नेव सूत्रे हकारात्परतो लकारस्य संयोगान्तलोपाद्वा यँलोकमित्यत्रोपदेशाभावाद सिद्धत्वाद्वा नेत्संज्ञा ।

अथात्र संयोगान्तलोपो दुर्लभः; संयोगान्तस्य पदस्याभावादिति चेन्न—संयोगान्तस्य सतः पदान्तस्य लोप इति पक्षस्यापि तत्र स्थितत्वात् । अन्यथा समुदायस्य संयोगसंज्ञा नावयवानामिति मुख्यपक्षे संयोगेन पदस्य विशेषणेना-

बालक्रीडा

हो जायगी जिसकी उपदेशे, अन्त्यम् इत्, इन तीन पदों में योजना करने पर प्रागुक्तवाक्यार्थ की बुद्धि का साम्राज्य हो जायगा । ऐसा कोई नियम नहीं है कि सुना हुआ हो वाक्य अर्थ की बुद्धि को उत्पन्न करता है क्योंकि भावना से उपनीत वाक्य से भी व्युत्पन्नों को अर्थ की बुद्धि हो जाती है यह सर्व सम्मत सिद्धान्त है । इस अर्थ का अणुदित् सूत्र के कौस्तुभ के खण्डन करने के अवसर में स्पष्ट रूप से उपपादन करेंगे ।

अथवा "हल्" इस सूत्र में लकार को अनुनासिक करते हैं । इस अनुनासिक संज्ञा करने के सामर्थ्य से अच्भिन्न भी उस लकार की उपदेशेऽजनुनासिक इससे इत्संज्ञा हो जायगी । इसी सूत्र में हकार से परे लकार का संयोगान्त लोप हो जाने में अथवा यँलोकम् इसमें उपदेश के अभाव से या असिद्ध हो जाने से इत् संज्ञा नहीं होगी ।

और भी बात है । यहाँ संयोजान्त लोप का लाभ होना कठिन है । क्यों कि पद नहीं है । ऐसा नही कह सकते संयोगान्त के सद्भाव से पदान्त का लोप होता है ऐसा पक्ष भी वहाँ माना गया है । यदि ऐसा नहीं मानेगें तो समुदाय की संयोग संज्ञा होती है अवयवों की नहीं होती है इस मुख्य पक्ष में पद के विशेषण बने हुए संयोग से अन्त के मिली जाने पर अन्त ग्रहण व्यर्थ हो जायगा । अस्ति सिचोऽपृक्ते इसमें विभक्ति सकार के बाद प्रश्लिष्टल

न्तलाभेऽन्तग्रहणस्य वैयर्थ्यापत्तेः । अस्तिसिचोऽपृक्ते इत्यत्र विभक्तिसकारोत्तरं प्रश्लिष्टस्य सकारस्य लोपायावश्याश्रयणीयत्वात् ।

कर्मवत् सूत्रगतमनोरमायां स्थानिवत् सूत्रगतकौस्तुभे च पक्षस्यास्यापि स्वयमेवाश्रितत्वाच्च । सरूप इति सूत्रे वृक्ष स् स् स् इत्यत्र संयोगान्तलोपस्यैव भाष्यकृतोक्तेश्च, तत्रत्यकैयटकृता हल्ङ्यादिलोपव्याख्या तु न स्वरससिद्धा स्वोक्तेन प्रकृत्याक्षेपेण विरुद्धा च । कर्मवत् सूत्रगतमनोरमाकौस्तुभयोर्लकारस्य स्वयं संयोगान्तलोपोक्तेश्च । एतेन "लकारस्य संयोगान्तलोपो दुर्लभः । इति मनोरमाऽसम्बद्धैव ॥ ६ ॥

न च यणः प्रतिषेधारम्भे झलो लोपविधाने च लस्य संयोगान्तलोपो दुर्लभ इति वाच्यम्, बहिरङ्गलक्षणत्वाद्वा" इति पक्षावलम्बनेन तस्य सुलभत्वात् । न च पक्षत्रयानुगृहीतस्यैव साधुत्वं नान्यस्येति वाच्यम्? त्रयाणामपि पक्षाणां प्रत्येकमितरनिरपेक्षतयैवाकारसिद्धत्वात् । गिरिवेशमयतौ पक्षभेदेन रूपभेदस्य स्वयमेव वक्ष्यमाणत्वाच्च । एवं स्थिते सहविवक्षाविरहाद् द्वन्द्वानु-

बालक्रीडा

सकार का लोप के लिए आश्रयण करना पड़ेगा । कर्मवत् सूत्र की मनोरमा में और स्थानिवत् सूत्र के कौस्तुभ में इस पक्ष का आश्रियण तुमने स्वयं किया है । सरूप सूत्र में वृक्ष स् स् स् इसमें भाष्यकार ने संयोगान्त लोप को ही हका है । वहां कैयट से की गई हलङ्यादिलोपकी व्याख्या तो स्वरस सिद्ध नहीं है और अपने कहे हुए प्रकृति के आक्षेप से विरुद्ध है क्यों कि कर्मवत्सूत्र की मनोरमा में और कौस्तुभ में स्वयं तुमने लकार का संयोगान्त लाप कहा है ।

इससे लकार का संयोगान्यलोप दुर्लभ है यह मनोरमा असम्बद्ध ही है ॥६॥

यह नहीं कहना चाहिए कि यण् के लोप के प्रतिषेध और झल् के लोप के विधान में लकार का संयोगान्तलोप होना दुर्लभ हो जायगा । क्योंकि बहिरङ्गलक्षण होनेसे भी कार्य होता है इस तृतीय पक्ष के अवलम्बन करने से भी ल का संयोगान्त लोप सुलभ ही है । यह भी नहीं कह सकते कि इन पक्षों से जो अनुगृहीत होगा वही साधु होगा अन्य साधु नहीं होगा । क्योंकि ये तीनों पक्ष एक दूसरे के आश्रयण किये विना अपेक्षा किये विना ही आकर में सिद्ध हैं । इसके सिवाय गिरिवेशमयति के विषय में पक्षके

पपत्तिः सिद्धासिद्धयोर्युगपदनुवादानुपपत्या बोधकत्वे क्लेशश्चेत्यादिदोषाभासानां परिहारार्थमायासोऽपि नापतति इति सुधियो विभावयन्तु ।७।

यत्तु "व्यस्तप्रयोगोऽपि तत्रानिष्ट" इत्युक्तं तन्न—"अस्ते भूः" इत्यत्र भवति सन्देहः। अस्तेः स्थाने समीपे अनन्तरे वेति । "षष्ठी स्थाने" इति सूत्रगतेन अनन्तरयोगे एषा षष्ठी इति । उरण् रपर इति । सूत्रगतेन च भाष्यग्रन्थेन सह विरोधापत्तेः तथा तत्सूत्रगतेन उः समीपे योऽण् तस्यापि रपरत्वप्रसङ्ग इत्यनेन सामीप्यलक्षणोऽपि सम्बन्धोऽवगम्येतेत्यर्थः" इत्यनेन च कैयटग्रन्थेन विरोधापत्तेश्च ।८।

आद्योच्चारणमुपदेश इति । यत्तु "यद्यपि उपदिश्यतेऽनेनेति करणव्युत्पत्या शास्त्रमुपदेश इति भाष्यवृत्यादिषु स्थितं तथापि तत् प्रौढ़िवादमात्रं करणे घञो दुर्लभत्वाल्ल्युटा बाधात् इति ।

बालक्रीडा

भेद से रूप भेद को स्वयं तुम कहोगे। ऐसी स्थिति में सहविवक्षा के अभाव में द्वन्द्व की अनुपपत्ति होगी और सिद्ध एवं असिद्ध की युगपत् अनुवाद की अनुपपत्ति से बोध करने में भी क्लेश होगा इत्यादि दोषाभासों के परिहारार्थ आयास भी नहीं होगा ऐसा बुद्धिमान् समझें ।।७।।

जो तो व्यस्त प्रयोग भी वहाँ अनिष्ट है ऐसा कहा वह ठीक नहीं है। क्योंकि "अस्तेभूं" यहां सन्देह होता है कि अस्ति के समीप में या अस्ति के अनन्तर यह आदेश होता है। उसका "षष्ठी स्थाने" इस सूत्र के अनन्तरयोग में यह षष्ठी है इससे और "उरण् रपर्" इस सूत्र के भाष्य के साथ विरोध की आपत्ति होती है। तथा उसी सूत्र के उ के समीप में जो अण् है उसमें भी रपरत्व का प्रसङ्ग लगजायगा इससे सामीप्य लक्षण भी सम्बन्ध मालूम हो सकता है इस कैयट ग्रन्थ के साथ विरोध की आपत्ति लग जायगी ।८।

आद्योच्चारण उपदेश। आद्य प्रथम उच्चारण कथन उपदेश है। यहाँ जिससे उपदेश देते हैं इस करण व्युत्पत्ति से शास्त्र उपदेश है ऐसा भाष्य एवं वृत्ति वगैरह में स्थित है यद्यपि वह प्रौढिवाद मात्र है क्योंकि करण में घञ् मिलना कठिन है और ल्युट् से घञ् का बाध भी हो जाता है। ऐसा जो कहा है वह असत् है।

तदसत्—"अप्तृन्" इति सूत्रेणाऽसिद्धस्यापि उद्गातार इत्यत्र दीर्घस्यैवोपदेश इत्यत्र करणे घञो भाष्यकारवचनादपि सुसाधत्वात्। अहो महानयमनयो यत् कल्पितगुणतात्पर्यमादाय दीर्घनिर्देशस्य साधुत्वमभ्युपेयते स्फुटोपलभ्यमाने मुख्यतात्पर्ये सत्यपि करणघञुक्तेः प्रौढिवादत्वम् सूत्रविरुद्धस्यापि त्वकत्पितृकादेर्भाष्यकारवचनानुगृहीतस्य "यथोत्तरम्" इत्यादिना भवतः सुशब्दताया अभ्युपगमाच्च। ८

अपि चैवं सति प्रियाष्टन् शब्दस्य शसादौ ष्टुत्वेन णत्वं भवता दूषितमसङ्गतं स्यात्—एतद्रूपे ष्टुत्वसिद्ध्यर्थमेव मूर्धन्यानुवृत्तिमुपेक्ष्य प्रतिपदोक्तं णत्वं सूत्रकृता कृतमिति तदाशयं वर्णयता ष्टुत्ववादिनापि मूर्द्धन्यानुवृत्तिपराया भाष्यगिरः प्रौढिवादताया वक्तुं सुशक्यत्वात्। प्रत्युत युक्तमस्यैव प्रौढिवादत्वकथनं ष्टुत्वानुगुणसूत्रन्यासविरुद्धत्वात्। ननु करणे घञ्वचने तस्य सूत्रानुसारित्वात्। तत्तु बाहुलकतात्पर्यज्ञैर्भाष्यकारैरेव स्फुटीकृतम्। एवं स्थिते एव यथोत्तरं

बालक्रीडा

"अप् नृन्" सूत्र से असिद्ध भी उद्गातार इसमें किये गये दीर्घ का उपदेश है इस में करण में घञ् का होना भाष्यकार के वचन से सुतरां सिद्ध है। अतः यह बड़ा भारी अन्याय है जो कल्पना प्रसूत अत एव गुण माने अमुख्य तात्पर्य को लेकर दीर्घ निर्देश का साधुत्व मानते हैं। और स्फुट उपलभ्यमान मुख्य तात्पर्य के रहते हुए भी करण में घञ् की उक्ति को प्रौढिवादत्व मानते हैं तथा सूत्र से विरुद्ध है तब भी भाष्यकार के वचन से अनुगृहीत होनेसे यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम् इसके अनुरोध के जरिये त्वकत्पितृकादि की सुशब्दता का आपने अभ्युपगम किया।

अपि च और भी है। ऐसा होने पर प्रियाष्टन् शब्द को जो आपने दूषित ठहराया हैं वह असंगत हो जायगा। प्रियाष्टन शब्द के शसादि के रूप में ष्टुत्व की सिद्धि के लिए मूर्धन्य की अनुवृत्ति का उपदेश कर के सूत्रकार ने प्रतिपदोक्त णत्व को किया है ऐसे आशय का वर्णन करने वाला ष्टुत्ववादी भी मूर्द्धन्य की अनुवृत्ति करनेवाली भाष्यकार की वाणी को प्रौढिवाद कहने के लिए शक्ति रखता है इतना ही नहीं वल्कि इसी को ष्टुत्व के अनुगुण सूत्र के न्यास के विरुद्ध होने से प्रौढिवाद कहना युक्त है न कि करण में घञ् कथन को प्रौढिवाद कहना युक्त है। क्योंकि वह सूत्र का अनुसरणकारी हैं। उसको बाहुलक के तात्पर्य के

मुनित्रयस्य प्रामाण्यं निरीक्ष्यते, तदा भाष्यकारवचनत्वाविशेषान्मूर्द्धन्यानुवृत्तिगिर इव करणे घञ् गिरोऽपि प्रामाण्यमुचितम् । ९

वस्तुतस्तु प्रियाष्टनि णत्वमशुद्धमिति गीरेवाशुद्धा । तथाहि यथोद्देशपक्षे "रषाभ्याम्" इति सूत्रगते "तस्य दोषः" इति वार्तिकस्थे च णवचने सति । असति वा तदुभयगते तस्मिन् प्रियाष्टनि णत्वं सिद्धयति । स्थिते तु सूत्रगते णवचने वार्तिकस्थणवचनप्रत्याख्यानपक्षः अनुपस्थानपराहत एव सूत्रस्थणवचस्य वार्तिकस्थणवचनालम्बनेनैव प्रियाष्टनि णत्वनिर्णयरूपे प्रयोजन हेतुत्वात् । कार्यकालपक्षे सूत्रस्थणवचनप्रत्याख्याख्यानविशिष्टवार्तिकगतणवचनप्रत्याख्यानपक्षे वा प्रियाष्टनि णत्वमिष्टमिति व्यवस्थायां सत्यां भाष्यकारादीनामस्योपजीव्यस्य महर्षेः सूत्रकृतो मूर्द्धन्यानुवृत्तिप्रतिसन्धानमेव नास्तीति सा च प्रामाणिकैर्वक्तुमसाम्प्रतम् । अतश्च सूत्रकारानुक्तेर्गसामर्थ्यात् प्रियाष्टनि णत्वस्य साधुत्व

बालक्रीडा

जानकार भाष्यकार ने ही स्फुट कर दिया है। ऐसी स्थिति में ही यदि उत्तरोत्तर मुनित्रय के प्रामाण्य को देखते हैं तब मूर्धन्य की अनुवृत्ति करने वाली भाष्यकार की वाणी का जैसा प्रामाण्य है वैसा ही करण में घञ् करनेवाली भाष्यकार की वाणी का प्रामाण्य उचित है क्योंकि दोनों समान हैं अविशेष हैं।

वस्तुतस्तु प्रियाष्टन् मे णत्व अशुद्ध है कहना ही असंगत है अशुद्ध है। कैसे । सुनिये। कर्यकालपक्ष और यथोद्देशपक्ष दो पक्ष होते हैं उनमें यथोद्देश पक्ष में "रषाभ्यां" इस सूत्र में और "तस्य दोप" इस वार्तिक में णवचन रहे या दोनों में नहीं रहे तब भी प्रियाष्टन् में णत्व सिद्ध हो ही जाता है। सूत्र में णवचन के स्थित होने पर तो वार्तिक गत णवचन का प्रत्याख्यानपक्ष अनुत्थान पराहत हो है अर्थात् प्रत्याख्यान पक्ष का उत्थान ही नहीं हो सकता है। क्योंकि वार्तिक गत णवचन का आलम्बन करके ही प्रियाष्टन में णत्व का जो निर्णय किया जाता है इसमें सूत्रगत वचन प्रयोजन में हेतु है। कार्यकालपक्ष मे यानि सूत्रगत णवचन के प्रत्याख्यान से विशिस्ट वार्तिक गत णवचन के प्रत्याख्यान करनेवाले पक्ष में प्रियाष्टन् में णत्व इप्ट है ऐसी व्यवस्था होने पर भाष्यकारादि के उपजीव्य इस सूत्रकार महर्षिका मूर्द्धन्य की अनुवृत्ति के लिए प्रतिसन्धान ही नहीं है ऐसा प्रामाणिकों को कहना

वाच्यम् । भाष्यकारानुरक्तैश्च "यथोत्तरम्" इत्यादिकां वाचमाचक्षाणैस्तस्या-साधुत्वम् , उपेक्षणीयश्चोत्सर्गसिद्धो रूपभेदात् प्रत्याख्यानसम्भवः ।

तदित्थम अन्याय्यं यदस्मादुभयस्मात् पूर्वपक्षविधावित्यत्र पञ्चमीसमासस्य क्वाचित्कतया प्रकृते स्थानिवद्भावशून्यत्वात् "तस्य दोष" इत्यत्र णत्वग्रहण-रूपोपायोत्थापनद्वारा प्रियाष्टनि णत्वे निर्णीत एव पञ्चमी समासानाश्रयणम् तस्य दोष इत्यत्र प्रत्याख्यानाश्रयणं वा समुन्मीलति तस्योपयोगो नान्यथेति मत्वा सूत्रकारैर्णवचनं कृतम् । एवं सति वार्तिकगतणत्वप्रत्याख्यानमपि दुःशकमेव । तस्य सूत्रगतणत्ववचनोत्थापितत्वात् । भाष्यकारस्तु तत्प्रत्याख्यानप्रकारमिति मुनिद्वय-प्रतिभयोरेव वैलक्षण्यं न तु वैलक्ष्यवैलक्षण्यम् । अतो न प्रागुक्तदोषत्रयावकाश इति सूक्ष्ममालोचनीयम् ।

बालक्रीडा

साम्प्रत नहीं है उचित नहीं है । अतः सूत्रकार में अनुरक्त लोगों को वचन का समर्थन करने से प्रियाष्टन् में णत्व का साधुत्व कहना ही चाहिए । यथोत्तरम् मुनीनां प्रामाण्यम् कहनेवाले भाष्यकार में अनुरक्त लोगों को णत्व का असाधुत्व ही कहना चाहिए । अतः उत्सर्गसिद्ध प्रत्याख्यान सम्भव की रूप भेद होजाने के कारण उपेक्षा करनी चाहिए ।

वह उपेक्षा कैसे करनी चाहिए इस पर कहते हैं कि इत्थम् माने इस प्रकार करनी चाहिए । यह अन्याय है न्यायोचित नहीं है कि जो इन दोनों से पूर्वविधौ इसमें पूर्वस्माद् विधिः इस प्रकार पञ्चमी समास मानना । क्योंकि पञ्चमी समास क्वाचित्क है प्रकृत में स्थानिवद्भाव के नहीं होने से "तस्य दोषः" इस वार्तिक में णत्व ग्रहणरूप उपाय के उत्थापन के द्वारा प्रियाष्टन् में णत्व के निर्णय होने पर ही पञ्चमी समासका अना-श्रयण अथवा तस्य दोषः इस में णत्व ग्रहण के प्रत्याख्यान का आश्रयण समुन्मीलित होता है । उसका उपयोग अन्यथा नहीं हो सकता है ऐसा मानकर सूत्रकार ने वचन किया । इस प्रकार वार्तिक में णत्व का प्रत्या-ख्यातक होना मुश्किल है । वह सूत्रगत णत्व वचन से उत्थापित हैं । भाष्यकार ने तो वह प्रत्याख्यान करने का प्रकार है । इस तरह दोनों मुनियों की प्रतिभा को विलक्षण ही कहा न कि वैलक्ष्य का लज्जाका वैलक्षण्य कहा । अतः पहले कहे हुए तीनों दोषों को कोई अवकाश नहीं है । इसको सूक्ष्म दृष्टि से देखना चाहिए ।

यत्तु कार्यकालपक्षाश्रयणेऽन्तरङ्गपरिभाषाप्रवृत्त्या णत्वं नेति निरूपितम् तदप्यसदेव, प्रियाष्टनि णत्वमात्रफलकारणेनेति प्रतिपदोक्तणकारकरणोत्थितादेव प्रकृते यथोद्देशपक्षस्याश्रयणीयत्वात्। स्यात्तदा प्रमातुरेवायमपराधो न प्रमाणप्रमेययोः। तस्मादत्र विपरीतमेव मनोरमोक्तमिति सूक्ष्ममीक्षणीयम्।

"बाहुलकन्तु अगतिकगतिः" इत्यपि असङ्गतमेव। तात्पर्यनिर्णायकदृढ प्रमाणाभावादेव तस्यागतिकगतित्वाम्। इह तु भाष्यकारवचनस्यैव तात्पर्यग्राहकत्वात्। तस्मात् "करणे घञो दुर्लभत्वात्" इति गीरेवासङ्गता।

ऊकालः। यत्तु "ऊशब्देन स्वोच्चारणकालो लक्ष्यते" इत्याहुस्तन्न—ऊशब्दलक्ष्यस्य स्वोच्चारणकालस्य सादृश्यादिरूपभेदसम्बन्धेन उत्तरपदार्थेनान्वयस्यानुपपत्तेः। नामार्थयोर्भेदेनान्वयस्यायोगात् अभेदेनान्वयस्य चासङ्गतेः। न ह्युकारादीना—

बालक्रीडा

जो तो वहाँ कार्यकाल पक्ष का आश्रयण करने पर अन्तरङ्ग-परिभाषा की प्रवृत्ति से णत्व नहीं होगा ऐसा निरूपण किया है वह भी असत् है। क्योंकि प्रियाष्टन् में केवल णत्व रूप फल के कारण ही यह है ऐसा प्रतिपदोक्त णकार करने से ही यह उत्थान है कि प्रकृत में यथोद्देश पक्ष आश्रयणीय है। यदि ऐसा हो सकता है तब प्रमाता का ही अपराध है न कि प्रमाण एवं प्रमेय का अपराध है। अतः यहाँ मनोरमा का कथन विपरीत ही है ऐसा सूक्ष्म देखना चाहिए।

बाहुलक तो अगतिक गति है यानी जब कोई मार्ग नहीं होता है तब ऊबड़ खावड़ मार्ग का आश्रयण किया जाता है। यह कहना भी असङ्गत ही है। क्योंकि तात्पर्य तिर्णायक दृढ़ प्रमाणों के नहीं होने पर ही उसको अगतिक गति कह सकते हैं। यहाँ तो भाष्यकार का वचन ही तात्पर्य का ग्राहक है। इस लिए करण में घञ् दुर्लभ है यह कहना ही असङ्गत है।

ऊकालः। जो तो "ऊशब्द से अपने उच्चारण का काल लक्षित होता है।" यह कहा वह ठीक नहीं है। क्योंकि ऊशब्द से लक्षित होने वाले उच्चारण काल का सादृश्यादि रूप भेद सम्बन्ध से उत्तर पदार्थ के साथ अन्वय ही अनुपपन्न होता है। नामार्थों में भेद सम्बन्ध से अन्वय हो नहीं सकता है और भेद से अन्वय करने की भी सङ्गति नहीं हो

मुच्चारणकालः सर्वस्यैवोकारस्योच्चारणकालो भवतीत्यस्ति नियमो येन तादृशकालभेदघटितो लक्षणवाक्यार्थः सकललक्ष्यसाधारणः स्यात् । क्वाचित्कन्तु कालैक्यं सम्भवदपि न लक्षणस्य सकलसाधारण्याधायकम् । स्वोच्चारणकालसदृशस्वोच्चारणयोग्यकालो लक्ष्यत इति युक्तं वक्तुम् । सादृश्यञ्च मात्रत्वादिकालगतधर्मेण बोध्यम् ।

तस्यादितः इति । यत्त्वत्र" ह्रस्वग्रहणमविवक्षितम्, स्वरितस्यार्धमुदात्तमित्येव बोध्यम् । तदविवक्षायां च मानं लक्ष्यदर्शनं प्रातिशाख्यञ्च" इत्याहुः । तत्र लक्ष्यदर्शनं तावदसाधकम् दृश्यमानलक्ष्यस्य ऋग्वेदमात्रगतत्वेन । तत्र च प्रातिशाख्यगतानाम्—

उदादायार्धमस्याथ शिष्टं निघ्नन्ति कम्पितम् ।

इत्यादीनां तत्तच्छाखापराणां विशेषवचनानां बाधकतया सकललोकवेदसाधारणस्यास्य व्याकरणस्य विशेपविषयातिरिक्तविषयताया एव कल्पयितुं युक्तत्वेन व्यर्थपदताकल्पनस्यान्याय्यत्वात् ।

बालक्रीडा

रही है। ऐसा कोई नियम नहीं है कि अकारादि का उच्चारणकाल एवं उकार के उच्चारण का काल होता है जिससे इस तरह के काल के भेद से घटित लक्षणवाक्यार्थ सकल लक्ष्य साधारण हो सकता है। किसी जगह में काल की एकता तो होती हुई भी लक्षण को सकल ह्रस्वादि साधारण नहीं बना सकती है। हां यह कह सकते हैं स्वोच्चारण काल के सदृश स्वोच्चारण काल के योग्य होता है वहाँ पर सादृश्य को मात्रत्वादि कालगत धर्म के द्वारा समझना चाहिए।

तस्यादितः इति। जो तो यहां पर कहा है कि ह्रस्वग्रहण अविवित है अतः स्वरित का अर्द्ध उदात्र ही है ऐसा समझना चाहिए। ह्रस्वग्रहण की अविवक्षा में प्रमाण है लक्ष्य का दिखाई पड़ना एवं प्रतिशाख्य। उन में लक्ष्य का दिखाई पड़ना प्रमाण साधक नहीं है। क्योंकि जो लक्ष्य दिखाई पड़ते हैं वे केवल ऋग्वेद मे ही है। उनमें प्रतिशाख्य इसके अर्ध को उदात्त बनाकर शिष्ट में कम्पित का स्वरित का निबन्ध करते हैं।

इत्यादि तत्रच्छाखाप्रधान विशेष वचनों के बाधक होने से वेद एवं लोक सर्वसाधारण व्याकरण की विशेष विषयता को छोड़कर सर्वसाधारण विषयता का कल्पना करना उचित है अतः व्यर्थपदत्व की कल्पना करना अन्याय है।

इत्यञ्च यत्र विशेषवचनं नास्ति लक्ष्यं च निश्चितं तत्र लौकिके प्रयोगेऽर्धमात्रैव दीर्घप्लुतयोरुदात्तो बोधयितुं ह्रस्वग्रहणम् । नहि प्रातिशाख्यवचनैरस्यैकवाक्यतोचिता ।

यत्तु "मध्ये कम्पयेत् कम्पम्" इत्यादि । तदपि न साधकम् , अर्धमात्रार्धमेव वा इति पक्षयोः पाणिनिकृतसामान्यलक्षण शाकल्यादिकृत विशेषलक्षणाभिप्रायकतया व्यवस्थितेः । एवकारो विशेषलक्षणेन कृतायाः सामान्यलक्षणव्यावृत्तेरनुवादाय वाशब्दो व्यवस्थितविकल्पार्थः ।

एतेन "अर्द्धह्रस्वशब्देन अर्धमात्रा लक्ष्यते" इति हरदत्तग्रन्थस्तु मतान्तरपरतया कथञ्चिन्नेयः" इति यदुक्तं तदपि परास्तम् । हरदत्तोक्तस्यैव प्रकृतसूत्राशयात् ।

"ऋ लृ वर्णयोः" । यत्तु "आच आच रलौ तौ चेमौ वर्णौ च उश्च उल् च ऋलोस्तयोर्वर्णयोरिति वा प्रथमान्तेन परिनिष्ठितविभक्त्यन्तेन वा विग्रहः"

बालक्रीडा

इस प्रकार जहाँ विशेष वचन नहीं है और लक्ष्य निश्चित है वहाँ लौकिक प्रयोग में दीर्घ एवं प्लुत के उदात्त में अर्धमात्रा ही होती है ऐसा समझाने के लिए ह्रस्वग्रहण किया है । अतः प्रातिशाख्य के वचनों के साथ इसकी एकवाक्यता करना उचित नहीं है ।

जो तो मध्य में कम्प का कम्पन करना चाहिए इत्यादि कहा है वह भी साधक नहीं है । क्योंकि "अर्धमात्रा अथवा अर्ध ही" इन दोनों पक्षों की व्यवस्था पाणिनि के किये साधारण लक्षण और शाकल्य के किये विशेष लक्षण के अभिप्राय से की जा सकती है । यहाँ अर्धमेव में एवकार विशेष लक्षण से की गई सामान्य लक्षण की व्यावृत्ति के अनुवाद के लिए है और एव वा में वाशब्द व्यवस्थित विकल्प के लिए है । इससे "अर्धह्रस्वशब्द से अर्धमात्रा लक्षित होती है" ऐसे हरदत्त के ग्रन्थ को मतान्तर परक मानकर किसी तरह संगति बैठानी चाहिए । ऐसा जो कहा था वह भी परास्त हो गया क्योंकि हरदत्त का कहा हुआ ही प्रकृत सूत्र का आशय है ।

जो तो कहा कि आच आच रलौ वे और ये वर्ण ऐसा प्रथमान्तसे अथवा उश्च उल्च् ऋलोः उ और उल् ऋल हुए इन वर्णो का ऐसे परिनिष्ठित विभक्त्यन्तर से विग्रह होता है । वह ठीक नहीं है । क्योंकि

इत्याहुः—तन्न। "रलौ" इति रूपस्यासिद्धेः "ऋत्यकः" इति शाकल प्रकृतिभावेन तदभावे सवर्णदीर्घेण च णादेशस्य बाधात्।

न च शाकलप्रतिषेधपक्षे सवर्णदीर्घाप्रसक्तेर्लृकारस्य "ऋतो ङि" इत्यलि गुणे कृते निमित्ताभावात्प्रकृतिभावस्य दीर्घस्य चाप्राप्त्या यणादेशो निर्बाध एवेति वाच्यम्। अचः परस्मिन्,इति गुणस्यालः स्थानिवद्भावेन प्रकृतिभावनिमित्तस्य जागरूकतया तदप्रवृत्तेरयोगात्। न च प्रकृतिभावः पदान्तविधिः, विकाराभावमात्रपर्यवसितस्य तस्य वृक्षवादौ वलोपस्येव पदचरमानवयवत्वात्। भावसाधनस्यैव विधिशब्दस्य "न पदान्त" सूत्रे षडिकानुरोधेनाकरे सिद्धान्तितत्वात्। इत्थं च प्रकृतिभावपक्षे ऋ अलावित्येव रूपम्।

न च प्रकृतिभावाभावपक्षेन्तरङ्गत्वात्प्रवृत्तं सवर्णदीर्घं बाधित्वा "वार्णादाङ्गं बलीय" इति प्रथमं गुणे कृते निमित्ताविरहात् सवर्णदीर्घाप्रसक्तौ

बालक्रीडा

आच आच इससे रलौ इस रूप की सिद्धि ही नहीं हो सकती है। क्योंकि "ऋत्यकः" इस सूत्र के द्वारा शाकलमत से किये प्रकृतिभाव से और प्रकृति भाव नहीं हुआ तो सवर्णदीर्घ से यणादेश का बाध हो जाता है। अर्थात् ऋके स्थान में ररूप यण् का और लृ के स्थान में लरूप यण् का बोध हो जाता है।

यह नहीं कहना चाहिए कि शाकल के पक्ष में सवर्णदीर्घ की अप्रसक्ति हो जाने से लृकार को "ऋतोङि" अल् को गुण करने पर कारण के अभाव में प्रकृतिभाव की और दीर्घ की अप्राप्ति यण् के आदेश में कोई बाधा नहीं है। "क्योंकि अचः परस्मिन" इस सूत्र से गुण के अल् के स्थानिवद्भाव से प्रकृतिभाव का निमित्त जागरुक हो गया है अतः उसकी अप्रवृत्ति का योग नहीं है। और प्रकृतिभाव पदान्त विधि नहीं है। क्योंकि केवल विकार के नहीं होने मे ही पर्यवसित होनेवाला प्रकृतिभाव वृक्षवादि में वलोप को तरह पद का चरम अवयव नहीं हुआ है। अतः न पदान्त सूत्र में षडिकानुरोध से विधि शब्द का भाव प्रत्यय से सिद्ध होना ही आकर में सिद्धान्तित है। इस प्रकार प्रकृतिभाव पक्ष में ऋ अलौ यही रूप होता है।

यह नहीं कह सकते हैं कि प्रकृतिभाव के नहीं होने के पक्ष में अन्तरङ्ग होने के कारण प्रवृत्त होनेवाले सवर्णदीर्घ को बाधकर वर्णविधि की अपेक्षा अङ्गविधि बलवान् होती है इस न्याय के बल पर पहले गुण कर लेंगे। फिर

यणेव न्याय्य इति वाच्यम् । समानाश्रय एव वार्णादाङ्गस्य बलीयस्त्वात् । गुणे-कृते तस्य स्थानिवत्त्वात् सवर्णदीर्घप्रवृत्तेरौचित्याच्च । न च दीर्घविधौ स्थानिव-द्भावनिषेधः शङ्क्यः । स्वरदीर्घयलोपेषु लोपाजादेशस्यैव स्थानिवत्त्वनिषेधात् ।

एवं "पदान्तविधौ न स्थानिवत्" इति निषेधोऽपि नात्र प्रवर्त्तते । सवर्ण-दीर्घस्य पदचरमावयवत्वाभावाद्विशिष्टस्यानिष्पत्तेः । न च ऋ लृ वर्णयोः पदत्वात् तदादेशस्य दीर्घस्य पदत्वं व्यपदेशिवद्भावात् तच्चरमावयवत्वञ्चेति वाच्यम् । अजादौ सर्वनामस्थाने परे पदसंज्ञासामान्यस्य भाष्यकारमते निषिद्धतया परम-वाचावित्यत्रेव द्विवचनात् पूर्वभागस्य पदत्वासिद्धेः । "असर्वनामस्थाने च" इति निषेधेन साहजिकसुबन्तत्वप्रयुक्तपदताया इव आतिदेशिकसुबन्तत्वप्रयुक्तपदताया अपि निवृत्तेः । न च "उत्तरपदत्वे च" इति वचनारम्भपक्षे सर्वनामस्थाने परे पदसंज्ञाविधिनिषेधयोरभावात् सवर्णदीर्घस्य प्रागुक्तदिशा स्यादेव पदान्तत्व-मिति वाच्यम् । उश्च ऊश्च उ३श्च वः इत्यत्र पक्षे शाकलप्रकृतिभावस्य सर्व-

बालक्रीडा

निमित्तके अभाव में सवर्णदीर्घ की प्राप्ति नहीं होने से यण् का ही होना न्याय्य है । क्योंकि समान स्थलमें ही वार्ण की अपेक्षा आङ्ग बलवान् होता है । गुण के करने पर उसमें स्थानिवद्भाव के हो जाने से सवर्ण दीर्घ की प्रवृत्ति का हो जाना उचित भी है । यह शंका नहीं करना कि दीर्घविधि में स्थानि-वद्भाव नहीं होता है । क्योंकि उदात्तादि स्वर दीर्घ एवं य के लोप में लोप का और अजादेश का ही स्थानिवद्भाव निषिद्ध है ।

इस प्रकार पदान्तविधि में स्थानिवद्भाव नहीं होता है इस निषेध की भी यहां प्रवृत्ति नहीं होती है । क्योंकि सवर्णदीर्घ पद का चरमावयव नहीं होता है अतः विशिष्ट की ही निष्पत्ति नहीं हो पाती है । यह नहीं कहना चाहिए कि ऋवर्ण और लृवर्ण पद है उनके स्थानमें होनेवाला दीर्घ पद है व्यपदेशिवद्भाव से वह चरमावयव भी है । क्योंकि अजादि सर्व-नाम स्थान के परे रहते पदसंज्ञा सामान्य का भाष्यकार के मत में निषेध है । अतः परमवाचौ यहां की तरह द्विवचन होने से पूर्व भाग पद ही नहीं है । असर्वनामस्थाने अर्थात् सर्वनामस्थान नहीं होता है इस निषेध से साहजिक सुबन्तत्वप्रयुक्त पदता की तरह आतिदेशिक सुबन्तत्वप्रयुक्त पदता की भी निवृत्ति हो जायगी । "उत्तरपदत्वे च" इस वचन के आरम्भ के पक्ष में सर्वनामस्थान के परे रहते पद संज्ञा की विधि और निषेध के नहीं होने से सवर्ण दीर्घ का पदान्तत्व पर्वोक्त मार्ग से होही जायगा ऐसा नहीं कहना

नामस्थाने पदसंज्ञानिषेधं विना दुर्वारत्वेन "उत्तरपदत्वे चापदादिविधौ" इति वचनारम्भेऽप्यनिवारणात् ।

यदि तु पूर्वस्यैव विधौ स्थानिवद्भावो; न तु पूर्वापरयोर्विधौ इति निरीक्ष्यते तदापि गुणापेक्षयान्तरङ्गत्वेन सवर्णदीर्घ एव बलवानिति प्रागुक्तदूषणान्नास्यैव निस्तारः ।

यच्च रलोरित्यपि तैरुक्तं तदप्यसङ्गतमेव—शाकलप्रकृतिभावेन सवर्णदीर्घेण च ऋकारस्थाने यणादेशस्य बाधात् ।

ननु शाब्दं परत्वं नित्यत्वञ्च आश्रित्य परस्य यणादेशे कृते प्रकृतिभावदीर्घयोरप्रसक्तौ तस्य स्थानिवद्भावादचि यणादेशो निर्बाधः । न च स्थानिवद्भावादेव तयोः प्राप्तिरिति वाच्यम् । सवर्णदीर्घस्य पूर्वमात्रस्य विधित्वाभावेन तस्मिन् कर्त्तव्ये स्थानिवद्भावानुपपत्तेरुक्तत्वात् । प्रकृतिभावस्यात्र पाक्षिकतया पक्षे प्रवृत्त्यभावस्य सिद्धेः । न चान्तरङ्गत्वात् सवर्णदीर्घप्रवृत्तिः प्रथमं दुर्वारेति वाच्यम् ।

बालक्रीडा

चाहिए । क्योंकि उश्च ऊश्च उ३श्च वः इस पक्ष में शाकलप्रकृतिभाव को सर्वनामस्थान में पदसंज्ञा के निषेध के विना कोई नहीं रोक सकता है। अतः "उत्तरपदत्वे चापदादिविधौ" इस वचन के आरम्भ में भो प्रकृतिभाव का निवारण नहीं हो सकता है ।

अगर तो पूर्व की ही विधि में स्थानिवद्भाव है पूर्वापरविधि में नहीं है ऐसा देखते हैं तब भी गुणकी अपेक्षा से अन्तरंग होने के बदौलत सवर्णदीर्घ ही बलवान् है अतः प्रागुक्त दूषण से भी इसका निस्तार नहीं है।

और रलोः ऐसा भी जो उन्होंने कहा हैं वह भी असङ्गत हो है क्योंकि शाकलप्रकृतिभावसे ओर सवर्णदीर्घ से ऋकारके स्थान में यणादेश का बाध हो जाता है ।

ननु से एक पक्षका उत्थान करते हैं कि शब्द परत्व और नित्यत्व का आश्रयण करके पर को यणादेश के करने पर प्रकृतिभाव और सवर्णदीर्घ की अप्रसक्ति प्राप्ति नहीं होने पर उसको स्थानिवद्भाव के बल से अच् परे रहते यणादेश होना निर्बाध है । स्थानिवद्भाव से यण् ही होगा ऐसी क्या बात है । स्थानिवद्भाव के बलपर तो प्रकृतिभाव और सवर्णदीर्घ की भी प्राप्ति है ऐसा नहीं कहना चाहिए । क्योंकि केवल पूर्व को सवर्णदीर्घ की विधि नहीं

"नाजानन्तर्यं" इति निषेधस्य जागरूकत्वादिति चेत् मैवम्। "असिद्धं-बहिरङ्गमन्तरङ्गे" ईति परिभाषाया "नाजानन्तर्ये" इति निषेधेन निवृत्तिर्न तु "अन्तरङ्गं बलीय" इति परिभाषाया इति। "अचः परस्मिन्" इति सूत्रगत कौस्तुभे भवतैव व्यवस्थापितत्वेन सवर्णदीर्घस्याक्षतेः। अत एव "अचः परस्मिन्" इति सूत्रे आरभ्यमाणे नित्योऽसौ

| नित्यः परयणादेश | परश्चासौ व्यवस्थया।

युगपत्सम्भवो नास्ति बहिरङ्गेण सिद्धयति॥

इति भाष्यान्ममोक्तं सङ्गच्छते।

बालक्रीडा

है इतनी ही बात नहीं है अपितु उसके कर्त्तव्य में स्थानिवद्भाव ही अनुपपन्न होता है। ऐसा पहले कहा है और प्रकृतिभाव यहां पाक्षिक है अतः पाक्षिक होने से पक्ष में प्रवृत्ति का अभाव सिद्ध ही है। यह नहीं कहें कि अन्तरङ्ग होने से सवर्णदीर्घ की प्रवृत्ति ही प्रथम होती है उसको कोई रोक नहीं सकता है। क्योंकि नाजानन्तर्य निषेध जागरूक है यदि ऐसी बात है तो ऐसा मत कहिए। क्योंकि "नाजानन्तर्य" इस निषेध से असिद्धं बहिरङ्गमऽन्तरङ्गे इस परिभाषा की निवृत्ति होती है ऐसा आप ही ने अचः परस्मिन् इस सूत्र में सिध्युपायवार्तिकम् ऐसा शीर्षक देकर लिखा है –

आरभ्यमाणे नित्योऽसौ फिर सिध्युपायबाधक वार्तिक शीर्षक देकर लिखा है —

परश्चासौ व्यवस्थया। युगपत्सम्भवो नास्ति। फिर सिध्युपाय-साधक वार्तिक शीर्षक देकर लिखा है—

बहिरंगेण सिध्यति।

इसका भाष्य क्रमशः यह है।

पर को यणादेश करने पर पूर्व को प्राप्त नही होता है। क्योंकि ईकार यण् से व्यवहित है अतः स्थानिवद्भाव से होता है।

क्या कारण है पर को होता है पूर्व को नही होता है। क्योंकि नित्य है। पर यणादेश नित्य है। पूर्वयणादेश के करने पर भी और न करने पर भी प्राप्त होता है। नित्य होने से पर को यणादेश करने पर पूर्व को प्राप्त नहीं होता है। स्थानिवद्भाव से होता है।

यदि वा विवरणकारोक्तरीत्या "षत्वतुकोरसिद्ध" इति । अत्र "नाजानन्तर्य" इति परिभाषा न ज्ञाप्यते, किन्तु बहिरङ्गपरिभाषाया अनित्यत्वमित्युच्यते, एवमपि प्रमाणसिद्धप्रयोगनिष्पत्त्यर्थं तत्स्वीक्रियते न तु अप्रामाणिकप्रयोग सिद्धयर्थम् ।

"अणुदित्सवर्णस्य" । यत्तु "प्रत्याहारग्रहणेषु तद्वाच्यवाच्ये निरूढा लक्षणा"

बालक्रीडा

यह भी प्रयोजन नहीं है । अन्तरङ्गलक्षण कार्य में बहिरङ्ग लक्षण कार्य असिद्ध है । इस नियम से बहिरङ्ग लक्षण परयणादेश के असिद्ध हो जाने से अन्तरङ्ग लक्षणपूर्व यणादेश ही होगा । इस परिभाषा का आश्रयण अवश्य करना चाहिए । क्योंकि कत्र्यां हत्र्यां इसमें "उदात्तयणो हल्पूर्वात्" यह स्वर जैसे हो जाय । इससे भी स्वर सिद्ध है । कैसे—

तब कहते हैं कि इस आरभ्यमाण योग में पूर्वयणादेश नित्य है । क्योंकि परयणादेश के करने पर भी और न करने पर भी पूर्वयणादेश प्राप्त होता है । इसपर कहते हैं कि—परयणादेश भी नित्य है क्योंकि पूर्वयणादेश के करने पर भी और न करने पर भी यह पर है अर्थात् एक में कार्यित्व भी रहे और निमित्तत्व भी रहे ऐसा नहीं हो सकता है क्योंकि विरोध हो जाता है अतः परत्व से व्यवस्था करनी पड़ती है । तब कैसे सिद्ध होगा । क्योंकि कभी "पूर्वयणादेश नित्य है" ऐसा कहते हैं और कभी "परयणादेश" नित्य है – ऐसा कहते हैं । उत्तर—कहते हैं कि बहिरङ्ग से अर्थात् असिद्धं बहिरङ्गलक्षणमन्तरङ्गलक्षणे इस से सिद्ध होता है ।

इस भाष्य से मेरा कथन सिद्ध हो जाता है । यहाँ कुचमर्द्न में नित्यः परयणादेशः पाठ छापा है किन्तु भाष्य में "आरभ्यमाणे नित्योऽसौ" ऐसा पाठ है । यह वार्तिक है । वह भाष्य है उक्त वार्तिक का ।

यदि वा विवरणकार की उक्तरीति के अनुसार "षत्वतुकोरसिद्धः" इसमें "नाजानन्तर्ये" इस परिभाषा का ज्ञापन नहीं होता है । किन्तु बहिरङ्ग परिभाषा अनित्य है ऐसा कहते है । इस तरह भी प्रमाणसिद्ध प्रयोग की निष्पत्ति के लिए या अप्रामाणिक प्रयोग की सिद्धि के लिए उसको स्वीकार करते हैं ।

अणुदित्सवर्णस्य । जो तो "प्रत्यहारों के ग्रहण करने में तद्वाच्यके वाच्य में निरूढा लक्षणा है" इस अर्थ का इस सूत्र के कौस्तुभ में प्रपञ्च

इत्यमुमर्थमेतत्सूत्रगतकौस्तुभे प्रपञ्चयाचक्रुः। तथा हि "अकः सवर्णे दीर्घः" इत्यादावक्प्रत्याहारान्तरीकारादयः कथं ग्राह्याः। नहि तद्वाचकः शब्दः तस्मिन् सूत्रे उपात्तोऽस्ति। नन्वक्शब्देन इकारादयोऽप्युपस्थिता इति चेत्तर्हि वाक्यार्थे तेऽन्वयन्तु नाम पदार्थसंसर्गस्य वाक्यार्थत्वात् न तु तेऽपि स्वार्थोपस्थापका अनुच्चारितत्वात्। अत एव ऋचं वेत्तीति अत्र शब्दविशेषं वेत्ति इत्येवार्थो न तु तदर्थं वेत्तीत्यादि।

तत्रानुच्चारितत्वादगादिसंज्ञाप्रतीता इकारादयः स्वसंज्ञिनामीकारादीनां नोपस्थापका इत्याशयस्तावदसङ्गत एव अर्थोपस्थितौ वाचकतावच्छेदकरूपेण। वाचकसामान्यज्ञानस्यैव तन्त्रत्वात्। अन्यथा रहसि मौनाकुलितवदनस्य पुस्तकसमीक्षमाणस्य ग्रन्थार्थशाब्दबोधापत्तेः। शाब्दकारणतावच्छदककोटावुच्चारितत्व प्रवेशे गौरवाच्च। नापि शक्त्युपस्थापितस्य न बोधकत्वं लिप्याद्युपस्थापितस्य

बालक्रीडा

किया है। जैसे—"अकः सवर्णे दीर्घः" इत्यादि प्रत्याहार घटित सूत्रों में अक् प्रत्याहार के भीतर ईकारादि वर्णों का ग्रहण कैसे होगा। क्योंकि इनका वाचक कोई शब्द इस सूत्र में उपात्त नहीं है। अगर कहें कि अक् शब्द से ईकारादि भी उपस्थित हो जाते हैं तब वाक्यार्थ में उनका अन्वय हो जाय भलेहो किन्तु वे भी स्वार्थ के उपस्थापक नहीं होते हैं क्योंकि पदार्थों का संसर्ग ही वाक्यार्थ है। और पदार्थ संसर्ग को कहा नहीं है। अत एव (ऋचं वेत्ति) ऋचा को जानता है इसका शब्द विशेष को जानता है यही अर्थ होगा न कि उसके अर्थ को जानता है। इत्यादि।

इस में उच्चारण नहीं होने के बदौलत अगादि संज्ञा से प्रेरित इकारादि अपने संज्ञी ईकारादि के उपस्थापक नहीं है ऐसा आशय असङ्गत ही है। क्योंकि अर्थ की उपस्थिति में सामान्यतः वाचकतावच्छेदक रूप से वाचक का ज्ञान तंत्र है। ऐसा यदि नहीं मानेंगे तो एकान्त में बैठा है मौनी है मुख को बन्द कर लिया है और पुस्तक को देख रहा है उस अवस्था में यानी उच्चरित हुआ ही शब्द अर्थ का प्रत्यायक होता है अनुच्चारित प्रत्यात्यक नहीं होता है ऐसी अवस्था में मौनो को पुस्तक के देखने पर भी ग्रन्थ के अर्थ का शाब्दबोध नही होगा। अर्थात् शाब्द वोध के नहीं होने की आपत्ति लग जायगी। इतना ही नहीं है कि शाब्द बोध नहीं होगा इसके सिवाय शाब्दबोधीयकारणतावच्छेदक कोटि में उच्चरितः शब्दः अर्थं प्रत्याययति नानुच्चरितः का निवेश करेंगे तो गौरव

तु बोधकत्वमित्यपि राजाज्ञास्ति। अग्निनिष्ठार्थशक्ततावच्छेदकानुपूर्व्या ज्ञानाद ग्नित्वादिनार्थविशिष्टार्थशक्ततावच्छेदकानुपूर्व्यज्ञानादर्थत्वादिना च रूपेणार्थस्य वेदनकर्मतया बोधापत्तेरनुपपत्तेः।

ननु कैयटोक्तरीत्या यत्र प्रकरणादिवशाद्विशिष्टसन्निवेशापि "अग्निमीडे" इत्यादिरूपा ऋक् ऋक्शब्देन प्रतीयते तथार्थं वेत्तीति बोध आपाद्यते इति चेत्— एवमर्थकर्मत्वविशेषणकार्थवेदनविषयकबोधापादनमयुक्तमेव। अर्थवत्त्वविशिष्टवाचकस्य तदुत्तरकर्मताबोधकभिभक्तेश्चाभावात्।

नन्वर्थपदमीडनादिरूपार्थविशेषपरमिति चेत्। एवमपि तद्वाचकोत्तरकर्मविभक्तिज्ञानस्य विरहेण तत्कर्मकवेदनबोधापादानस्यासङ्गतत्वात्। वक्ष्यमाणेन हेतुना अग्निकर्मकबोधस्याप्यनापाद्यत्वात्।

बालक्रीडा

भी हो जायगा। और ऐसी भी कोई राजा की आज्ञा नहीं है कि शक्त्युपस्थित ही बोधक होता है लिपि संकेत वगैरह से उपस्थित बोधक नहीं होता है। अग्निनिष्ठ अर्थशक्ततावच्छेदक आनुपूर्वी के समझने से और अग्नित्वादि के द्वारा अर्थ विशिष्ट अर्थशक्ततावच्छेदक आनपूर्वी के नहीं समझने से अग्नित्वादि रूप से अर्थ का जो वेदन क्रिया की कर्मता से वोध होने की आपत्ति अनुपपन्न हो जायगी।

अगर कहें कि कैयट की बतलाई हुई रीति से जहां प्रकरणादि के वश से विशिष्ट सन्निवेशवाली भी "अग्निमीडे" इत्यादि रूपा ऋक् जहां ऋक् शब्द से प्रतीत होती है वहां अर्थ को जानना ही है ऐसे बोध का आपादन होता है तो इस प्रकार भी अर्थ कर्मत्व है विशेषण जिसमें ऐसा जो अर्थ वेदन विषयक बोध उसका आपादन अयुक्त ही है। क्योंकि अर्थत्व से विशिष्ट वाचक शब्द के बाद कर्मता की बोधक विभक्ति नहीं है। जो तो ऋक् शब्द के वाद द्वितीया है वह आनुपूर्वी विशेष से अवच्छिन्न ऋक् की ही कर्मता के बोधन करने में समर्थ है न कि अर्थनिष्ठ कर्मता के बोधन में समर्थ है क्योंकि वह ऋक् शब्द का अर्थ नहीं है।

अगर कहें कि यहां अर्थ पद ईडनादिरूप अर्थ विशेष परक है। इस तरह भी अर्थविशेष के वाचक पद के बाद कर्मार्थक विभक्ति ज्ञान के विरह से अर्थात् नहीं होने से ईडनरूप अर्थ कर्मक ज्ञान के बोध का आपादन असङ्गत ही है। क्योंकि आगे कहे जाने वाले हेतु से अग्नि कर्मक बोध भी आपाद्य नहीं है।

